आर्मी पब्लिक स्कूल ,रानीखेत

कक्षा - पांच

भाग - 1

विषय- हिन्दी

अअ- 100

[खण्ड - क]

[1] अपठित गद्यांश :-

होली हिन्दुओ का प्रमुख त्योहार है । यह प्रतिवर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है । इस समय फसलें पक कर तैयार होती है । किसान अपनी फसल को पकी देखकर बहुत खुश होता है । इस त्योहार के संबंध मे एक पौराणिक कथा प्रचलित है । हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रहलाद ईश्वर भक्त था । हिरण्यकशिपु चाहता था कि प्रहलाद ईश्वर - भक्ति छोड़ दे । इसलिए उसने अपने पुत्र को बहुत कष्ट दिये । उसकी बहन का नाम होलिका था । उसे यह वरदान प्राप्त था कि वह अग्नि मे नहीं जलेगी । अपने भाई के आदेश पर वह प्रहलाद को गोद मे लेकर अग्नि मे बैठी किन्तु भगवान ने अपने भक्त कि रक्षा कि और होलिका जल गई । इसी कि याद मे प्रतिवर्ष पूर्णिमा को होली जलाई जाती है ।

प्रश्न :- 1 निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखो :- **[4]**

क) होली किसका प्रमुख त्योहार हे ?

ख) होली का त्योहार कब मनाया जाता हे ?

ग) हिरण्यकशिपु के पुत्र का क्या नाम था ?

घ) हिरण्यकशिपु कि बहन का क्या नाम था ?

प्रश्न :-2 दिये गए शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखो :- **[1]**

पूर्णिमा भगवान

प्रश्न :- 3 रिक्त स्थान भरो :- **[1]**

क) होली प्रतिवर्ष ______________ को जलाई जाती हे ।

ख) होली के संबंध मे एक _______________ कथा हे ।

प्रश्न :- 4 दिये गए वाक्यो के आगे सत्य ओर असत्य लिखो :- **[1]**

क) इस समय फसल पक कर तैयार होती हे । [ ]

ख) भगवान ने अपने भक्त कि रक्षा की । [ ]

[2] अपठित गद्यांश

बाल्यावस्था सम्पूर्ण जीवन की नींव है | बचपन मे पड़ी हुई आदतें जीवनपर्यंत रहती हैं | जिस प्रकार अच्छी खाद और मिटटी से एक पौंधे का विकास अच्छा होता है उसी प्रकार बचपन मे अच्छी संगती से बच्चों में अच्छे गुणों का विकास होता है |

बच्चों का हृदय कोमल होता है | किसी की बात का प्रभाव उन पर जल्दी पड़ता है | प्रेम , सहानुभूति, दया , परिश्रम , ईमानदारी, वीरता आदि गुणों से सम्बंधित साहित्य पढने के लिये उन्हे प्रेरित करना चाहिये | कुछ लोगो का मत है कि बच्चों को पूर्ण स्वतंत्रता देनी चाहिये किन्तु ऐसी स्वतंत्रता बेकार है जिससे बच्चे पथ - भ्रष्ट हो जाएँ |

ऊपर लिखे गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

क) सम्पूर्ण जीवन की नीवं कौन - सी अवस्था है ? **[1]**

ख) कैसी संगती से अच्छे गुणों का विकास होता है ? **[1]**

ग) बच्चो को कैसे साहित्य पढ़ने के लिये प्रेरित करना चाहिये ?   [1]

रिक्त स्थान भरो:-   [2]

क) पोंधे की विकास अच्छी __________ और ________ से होता है |

ख) बच्चो का हृदय __________ होता है |

ग) पूर्ण स्वतंत्रा से बच्चे ___________ हो सकते है ।

विलोम शब्द लिखो :-   [3]

कठोर   कायरता   अच्छा

[खण्ड - ख]

[1] प्रधानाचार्य को छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखो ।

[7]

[2] " सर्दी का मौसम " विषय पर अपने शब्दो में अनुच्छेद लिखो ।

[8]

[खण्ड - ग]

[1] दिये गए शब्दो के अर्थ लिखो -   [5]

भेक सुहानी मरखनी गरजन सिंगारदान विशेषज्ञ दरकना

गुजर गए पूर्णतया याददाशत

[2] **सही शब्द पर सही का निशान लगाओ:-**   **[3]**

(क) बच्चे जननी विश्व - भारती की क्या करना चाहते हैं ?

अभिषेक   पूजा   आरती   परिक्रमा

(ख) लुई की मृत्यु किस बीमारी से हुई ।

कैंसर   चेचक   तपेदिक कैंसर

(ग) समान उठाने कए लिये सेठ ने क्या मेहनताना दिया ?

रुपया   चवन्नी   अठ्नन्नी सोने का सिक्का

(घ) गोनु झा ने कहा के मेले से गाय खरीदी ?

तेजपुर   सोनपुर   नागपुर   बाजपुर

(ङ) चिंता मे डूबा बेटा सीधा किसके पास गया ?

बहन   माँ   सेठ   पिता

(च) पत्थर मे क्या अंकित था ?

पत्ता   फर्न   जीव   पुष्प

[3] दिये गए शब्दो के तीन -तीन शब्द परिवार लिखो :-   [1]

(क) डर   (ख) प्रेम

[4] **<u>रिक्त स्थान भरो :-</u>** **[2]**

(क) लुई के माता पिता ने नेत्र ______________ से सलाह ली ।

(ख) चार्ल्स बार बीयर ने संदेश पढ़ने की लिपि ___________ के लिये बनाई ।

(ग) सुनन्दा के पिता एक __________ थे ।

(घ) गोनू झा के परिवार का पेशा ___________ था ।

[5] **<u>दिये गए शब्दो को सही शीर्षक के नीचे लिखो :-</u>** [2]

आवाज	लड्डू	हथेली	दुनिया
मेला	चोरी	कूड़ा	
चोटी			

स्त्रीलिंग	पुल्लिंग

[6] **<u>दिये गए प्रश्नो के उत्तर दीजिये :-</u>** **[14]**

(क) फासिल किसे कहते है ?

(ख) लुई ब्रेल को दृश्तीबाधितों का मसीहा क्यों कहा जाता है ?

(ग) “ अनुभवी पिता सब कुछ समझ गए “ पिता क्या समझ गए ?

(घ) माँ ने बेटे को असरफ़ी क्यू नहीं दी ?

(ङ) बच्चे कैसा "नया संसार" बसाना चाहते है ?

(च) इसब की फटी कमीज़ देखकर दोनों की क्या हालत हुई ?

(छ) गाय खरीदने के बाद गोनू झा को क्या चिंता सताने लगी ?

[7] **<u>दिये गए शब्दो से वाक्य बनाओ</u>** :- [2]

(क) बासी (ख) जीव

[8] **<u>दिये गए शब्दो के वर्ण विच्छेद करो</u>** :- [3]

(क) प्रतीक्षा (ख) मित्रता (ग) संसार

[9] **दिये गए शब्दो के दो -दो समानार्थी शब्द लिखो** :- [3]

(क) बिजली (ख) घटा (ग) तालाब

[खण्ड - घ]

[1] दिये गए प्रश्नो के उत्तर लिखो :- [12]

(क) भाषा किसे कहते है ?

(ख) हिन्दी में वर्णो के कितने भेद होते है ? उनके नाम लिखो ।

(ग) विकारी शब्द किसे कहते हें ? इनके कितने भेद होते हें उनके नाम लिखो ।

(घ) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते है उदाहरण सहित समझाओ ?

(ङ) वचन किसे कहते है वचन के कितने भेद होते है उनके नाम उदाहरण के साथ लिखो ?

(च) विशेषण किसे कहते है विशेषण के कितने भेद होते है उनके नाम लिखो ?

[2] **दिये गए राज्यो की भाषायें लिखो** । [2]

(क) असम (ख) पंजाब (ग) कर्नाटक (घ) ओडीसा

[3] **खाली स्थान भरो** :- [5]

(क) संस्कृत भाषा की लिपि __________ है ।

(ख) _________ भाषा को शुद्ध रूप मेँ बोलना व लिखना सिखाता है ।

(ग) मन के भावो को प्रकट करने वाले शब्द ____________ कहलाते है ।

(घ) भारत की सर्वाधिक बोले जानी वाली भाषा _________ है ।

(ङ) वर्णो के _________ समूह को शब्द कहते है ।

[4] **दिये गए वाक्यो को पढ़ो और सत्य व असत्य लिखो** :- [2]

(क) भाषा देना लिखित भाषा का उदाहरण है ( )

(ख) शब्द के मुख्य चार भेद होते है ( )

(ग) अधिकरण कारक का चिह्न में है ( )

(घ) कारक के चिह्नो को परसर्ग कहते है ( )

[5] **दिये गए शब्दो को पृथक करो** :- [5]

ऊंचाई भारत पक्षी गाय कमल ताजमहल सच्चाई बचपन आगरा ईमानदारी

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा

[6] **सही मिलान करो :-** [2]

(क)

तोता	पत्ते
नाली	वस्तुएँ
वस्तु	तोते
पत्ता	नालियाँ

(ख) **विशेषण को विशेष्य से मिलाओ** :- [3]

ऊंचा	जल
गरम	चित्र
शीतल	पर्वत
सुंदर	चाय
बहादुर	आम
मीठा	सैनिक

[7] **दिये गए वाक्यो में अकर्मक व सकर्मक क्रिया लिखो** :- [2]

(क) माँ खाना पका रही है ( )

(ख) सोहन हँस रहा है ( )

(ग) मैंने दो आम खाए ( )

(घ) मयंक रोने लगा ( )

[8] **विशेषण शब्द को शुद्ध करके वाक्य पुनः लिखो** :- [2]

(क) छोटा बालक रोते हैं ।

(ख) काली साँप इधर आ रहा है ।

(ग) मेरे घर में पीला फूलों के पौधे हैं ।

(घ) मुझे खट्टा अंगूर अच्छे नहीं लगते ।